<u>समाचार</u>

# देश में नगर निगम कोरबा को रैंकिंग में 8वॉ स्थान प्राप्त होने पर महापौर व आयुक्त ने दी शुभकामनायें



कोरबा 19 जुलाई 2025 – स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत साफ–सुथरे शहरों में छतीसगढ़ में कोरबा नगर निगम को पांचवा स्थान तथा देश की विभिन्न नगर निगमों में नगर पालिक निगम कोरबा को साफ–सफाई में 8–वॉ रैंक हासिल हुआ है। इस वर्ष कोरबा ने गारवेज फ्री सिटी में 3 स्टार की रैंकिंग के ही साथ पहली बार Water+ शहर का एक नया मुकाम हासिल भी किया है। नगर निगम द्वारा स्वच्छता में किये गये अपने बेहतर प्रयास पर यह खास उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने '' स्वच्छ भारत मिशन '' अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिये निगम की स्वच्छता से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने जो कमाल किया है, उसके लिए उन्हें साधुवाद व शुभकामनायें दी हैं। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आगे कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों एवं आम–नागरिको के सामुहिक सहयोग से नगर पालिक निगम कोरबा ने यह उपलब्धि हासिल की है। आगे हम सब मिलकर और अधिक अच्छा कार्य करेंगे तथा सभी के सहयोग से अपने कोरबा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में प्रथम स्थान दिलाएंगे। उनके द्वारा आमजनों से अपील कर कोरबा शहर को साफ–सुथरा रखने में तथा आने वाले वर्ष मे होने वाली स्वच्छता सर्वेक्षण में और अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता श्री सुरेश बरुआ, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, अरूण मिश्रा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।